दिनांक : 20.04.2026 **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

नारी सशक्तिकरण

राजधानी भोपाल में आज नारी सशक्तिकरण का बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेशभर से करीब 15 से 20 हजार महिलाएं शामिल हुई। इस आयोजन के साथ ही बीजेपी द्वारा "नारी शक्ति" के समर्थन में एक विशाल जन आक्रोश महिला पदयात्रा भी निकाली गई। इसमें महिला सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान के समर्थन में महिलाओं ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और महिला मंत्री समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

रिजिजू महिला विधेयक

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम विपक्ष को भुगतने होंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री रिजिजू ने महिला आरक्षण को लेकर सरकार की वचनबद्धता भी दोहराई। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मामले में प्रयास जारी रखेगी।

उपराष्ट्रपति श्रीलंका यात्रा

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन आज श्रीलंका के नुवारा एलिया पहुंचें। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने भारतीय आवासीय परियोजना के अंतर्गत निर्मित मकानों का दौरा किया। इस परियोजना का उद्देश्य श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिल समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाना है। कल उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री हरिणी अमरसूरिया के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

अक्षय तृतीया

प्रदेश में आज अक्षया तृतीया पर्व और भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं आगरमालवा जिले में परशुराम जयंती पर हवन पूजन, चल समारोह और सहभोज के आयोजन किये जा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में श्री परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जायेगा, जो एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। अंक तालिका में पंजाब किंग्स पांच मैच जीत कर शीर्ष पर है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अब असर दिखाना शुरू कर दिया हैं। कल छतरपुर जिले के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में लू का असर भी देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार, आज भी प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, कटनी, उमरिया, जबलपुर, मंडला और छतरपुर जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में तापमान 44 डिग्री के पार जा सकता है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर जैसे बड़े शहरों में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना रहेगा।

समाचार संक्षेप में :-

- प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बृजमोहन मिश्रा की जयंती के अवसर पर विधानसभा परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले के ग्राम अंदौरा में अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पनडुब्बी को मौके पर ही जलाकर नष्ट कर दिया।
- झाबुआ जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया।
- उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 552-जी पर बीती रात आगरमालवा में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

....